प्रादेशिक समाचार
02.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. केंद्रीय गृह मंत्री ने जीएसटी बचत उत्सव के तहत खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों पर राष्ट्रव्यापी छूट का किया शुभारंभ, देशवासियों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की, की अपील।

2. हजारीबाग में छड़वा डैम का फाटक क्षतिग्रस्त, खतरे के निशान से ऊपर बह रहा पानी, जिला प्रशासन जलस्तर को नियंत्रित करने का कर रहा प्रयास, लोग बरतें सावधानी।

3. राज्यभर में विजयादशमी की धूम, कई जगहों पर हो रहा रावन दहन कार्यक्रम, रांची के मोरहाबादी में मुख्यमंत्री ने रावन का फूंका पुतला, कहा– असत्य पर सत्य की जीत का है यह पर्व।

4. मां दुर्गा को पूरी श्रद्धा के साथ नम आंखो से दी जा रही विदाई, निकाली जा रही विसर्जन शोभायात्रा, विधि व्यवस्था के साथ जलाशयों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।

5. राज्य में 6 अक्टूबर तक बारिश से राहत की उम्मीद नहीं, कई इलाकों में रूक–रूककर हो रही बारिश, पलामू, गढ़वा और लातेहार समेत कई हिस्सों में कल भारी बारिश का अलर्ट।

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज नई दिल्ली स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन में जीएसटी बचत उत्सव के अंतर्गत खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों पर राष्ट्रव्यापी छूट का शुभारंभ किया। खादी महोत्सव 2025 के दौरान आज से 5 नवंबर तक ग्राहकों को खादी वस्त्रों पर 20 प्रतिशत और खादी ग्रामोद्योग उत्पादों पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस अवसर पर श्री शाह ने देशवासियों से खादी के उपयोग, स्वदेशी उत्पाद अपनाने के अभियान तथा मेक इन इंडिया उत्पादों को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से घोषित जीएसटी भारत उत्सव पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ और इससे समाज के हर वर्ग को लाभ हो रहा है। अगली पीढी के जीएसटी सुधारों से भारत की अप्रत्यक्ष कर–प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में नया अध्याय शुरू हुआ है।

****

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने राश्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धा–सुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनके महान आदर्शों को हर किसी को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांधी जी के सिद्धांतों को अमल में लाकर ही उन्नत भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे अपना काम स्वयं करें। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और दूसरों पर निर्भरता नहीं रहती है।

****

चाईबासा नगर परिषद के तत्वावधान में आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आज समापन समारोह आयोजित हुआ। इस मौके पर 17 सितंबर से चल रहे सेवा पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

****

हजारीबाग में हो रही लगातार बारिश से पेलावल थाना क्षेत्र स्थित छड़वा डैम का एक फाटक आज क्षतिग्रस्त हो गया। इस वजह से आसपास के गांवों में पानी का बहाव काफी तेज हो गया है। डैम का पानी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है, जिससे लोगों में दहशत है। इधर, जिला प्रशासन इसकी निगरानी लगातार कर रही है। जलस्तर को नियंत्रित करने का प्रयास जारी है। वहीं, लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गयी है।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिला प्रशासन पर्यटक स्थलों को विकसित करने के लिए कई कदम उठा रही है।

****

झारखंड समेत देशभर में आज विजयादशमी का उत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बारिश के बीच भी राजधानी रांची के मोरहाबादी और अरगोड़ा में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग सम्मिलत हुए। यहां मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रावण का पुतला फुंक कर असत्य पर सत्य की जीत का संदेश दिया। इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सहित कई गणमान्य भी मौजूद थे। वहीं पलामू, लोहरदगा, खूंटी और धनबाद समेत अन्य शहर मे भी रावन दहन कार्यक्रम का परंपरानुसार आयोजन हुआ।

****

विजयादशमी के अवसर पर आज पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मां दुर्गा को विदाई दी जा रही है। इस बाबत भव्य विसर्जन शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हैं। वहीं. विधि–व्यवस्था के साथ नदी–तालाबों और जलाशयों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं, कई पूजा समितियों के द्वारा कल विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। इससे पहले सुहागिन महिलाओं ने सिंदूर खेला की रस्म पूरी की। दुमका और धनबाद में महिलाओं ने कहा कि सिंदर खेला की परंपरा वर्षों से चली आ रही है।

****

पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग–49 पर रंगड़ो पुलिया के समीप एक मोटरसाइकिल के असंतुलित होकर एक वाहन से टकरा जाने से दो युवकों की मौत हो गई। उधर, मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा में दो मोटरसाइकिल के बीच टक्कर मे चैनपुर अंचल के नाजीर की मौत हो गई।

****

राज्यवासियों को फिलहाल बारिश से राहत मिलने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने छह अक्टूबर तक पलामू गढ़वा लातेहार और चतरा समेत राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान मेघ गर्जन, तेज हवा और वज्रपात की भी आशंका है। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची की ओर से बताया गया कि बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से झारखंड में बारिश लगातार हो रही है। इधर, कई हिस्सों में पिछले चौबीस घंटे से रुक–रुककर बारिश जारी है।

****

अहमदाबाद में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने दो विकेट के नुकसान पर एक सौ बाइस रन बना लिए हैं। भारत के लिए यशस्वी जायसवाल ने छत्तीस रन बनाए, जबकि केएल राहुल तिरपन रन पर नाबाद हैं। इससे पहले वेस्ट इंडीज की पहली पारी आज एक सौ बासठ रनों पर ही सिमट गई।

********समाप्त*********